NAV BHARAT JAGRITI KENDRA Newsletter

NBJK

नव भारत जागृति केन्द्र सूचनापत्र

A Joint Issue of April-June & July-September 2020 www.nbjk.org अप्रैल-जून एवं जुलाई-सितम्बर 2020 का संयुक्तांक

## NBJK Responds COVID-19

The novel coronavirus outbreak, which began in Wuhan, China in December 2019, has expanded to touch every corner of the globe. This made millions of people sick and hundreds of thousands have died. Till Sep'20 in India more than 62 lakh corona positive people were found with 97 thousand plus casualties including 83,651 and 1.82 lakh infected persons in Jharkhand & Bihar with 713 & 904 death tolls respectively. We all have experienced phases of lockdown & unlock as a preventive measure but the panic compelled people for reverse migration from big cities or other states in a chaotic situation.

NBJK has responded to COVID-19 with infrastructural support to administration, medical utilities to govt. hospitals, preventive awareness drive and dry ration with hygiene supplements to incoming migrant workers including direct money transfer to some poor families. At Chauparan (Hazaribag), it offered LNJP Eye Hospital & SPP School as quarantine centers where 275 migrant workers stayed safely. In Jama block of Dumka district, 2 quarantine centers with 400 persons have been provided dry ration. It supported district administration-health authorities at Hazaribag, Dumka, other districts with medical utilities and made available total 1120 PPE Kits as 320 to Hazaribag sadar hospital & 800 kits to Churchu CHC. Likewise 951 N95 Masks have been offered as 340 to Hazaribag, 261 to Dumka, 200 to Churchu (Hazaribag) & 150 to other districts' authorities. Total 11,200 Surgical Masks distributed as 4000 to Hazaribag, 600 to Dumka, 6,400 to Churchu and 200 to multiple districts. It delivered 624 pairs of Shoe Cover as 424 pairs at Hazaribag and 200 to Dumka including 50 Gowns & 500 Head Covers to Hazaribag. 16,600 pairs of Surgical Gloves distributed as 4,900 pairs to Hazaribag, 10,200 to Dumka, 1,150 to Churchu & 350 pairs to other districts. It contributed 4,582 pairs of Examination Gloves to Hazaribag-Churchu and dispensed total 1,037 liters of Sanitizer as 255 liters to Hazaribag, 107 liters to Dumka, 595 liters to Churchu, 20 liters to Khunti and 60 liters to Gaya. 28 Infrared Thermometers have been allocated as 11 to Hazaribag, 09 to Dumka and 08 to Churchu based medical officers. Also 66 face shields given to health dept. as 35 at Hazaribag, 10 at Dumka, 03 at Churchu and 18 at multiple districts. Besides this, women beneficiaries of different programs by NBJK have made and distributed total 78,626 Reusable Masks at Hazaribag, Dumka, Deoghar, Chakai (Jamui), Bokaro, Khunti, Patna and Gaya. Also 31037 pieces of Soap have been distributed in the same areas. It conducted 15 Community Kitchens in Khunti district and distributed dry ration-sanitation kits among 18783 persons as 3686 at Hazaribag, 822 at Dumka, 340 at Deoghar, 54 at Chakai, 12233 at Churchu, 190 at Bokaro, 550 at Khunti, 588 at Patna, 20 at Ranchi and 300 at Gaya. In Dumka, NBJK has provided 2 oxygen cylinders & 15 Pulse Oximeters to district health dept. and covered 5440 PwDs under its relief campaign. It distributed education & hygiene kits among 830 children at Churchu, served Sattu Sharbat to more than 70,000 migrant workers at Barhi-Chauparan in Hazaribag district and ensured direct money transfer to bank accounts of 760 poor families as Rs. 5000 for each in Hazaribag, Dumka, Khunti, Patna, Ranchi & other districts. NBJK's response to COVID-19 has involved 125 workers and reached directly to more than 96000 people in 369 villages under 25 blocks across 10 districts in Jharkhand-Bihar.

NBJK expresses sincere gratitude to Action Village India, Aditya Birla Capital, Azim Premji Foundation, Care Today, CBM India-AusAid, CInI-Tata Trusts, Cognizant-Round Table India, ESL-Vedanta, Goonj, GiveIndia, HSBC, Plan India, Sightsavers India, Shri Jayant Sinha (Hon. MP, Hazaribag) and many individual donors for their kind support.



## कोरोना काल में एनबीजेके का राहत अभियान

दिसम्बर 2019 में चीन के वुहान शहर से निकला कोरोना वायरस दुनिया के हर कोने में अपनी जगह बना चुका है. इसने करोड़ों लोगों को बीमार बना दिया और लाखों लोगों की मृत्यु हो चुकी है. सितम्बर'20 तक भारत में कोविड–19 से संक्रमित लोगों की कुल संख्या 62 लाख से अधिक थी और 97 हजार से ज्यादा लोगों का अंत हो गया, जिसमें झारखंड–बिहार के 83,651 और 1.82 लाख संक्रमित लोगों के साथ 713 और 904 लोगों की मौत के आंकड़े भी शामिल हैं. इस दौरान हम सबों ने बचाव के तौर पर क्रमिक लॉकडाउन–अनलॉक संबंधी स्थितियों का सामना किया लेकिन इस वैश्विक महामारी से उत्पन्न भय ने महानगरों और अन्य राज्यों में आजीविका प्राप्त झारखंडी–बिहारी लोगों को भगदड़ के माहौल में अपने घर लौटने पर विवश कर दिया.

एनबीजेके ने कोविड–19 से जुड़ी चुनौतियों का सामना करते हुए प्रशासन को ढांचागत सुविधा, सरकारी अस्पतालों को मेडिकल सामग्री, बाहर से आने वाले प्रवासी कामगारों हेतु सूखा राशन–स्वच्छता किट उपलब्धता, बचाव जागरूकता अभियान और कुछ अत्यंत निर्धन परिवारों को बैंक खाते में सहायता राशि भेजने का काम किया है. चौपारण (हजारीबाग) में इसने लोकनायक जयप्रकाश आँख अस्पताल और सुरेखा प्रकाशभाई पब्लिक स्कूल को बतौर क्वारंटाइन सेंटर स्थानीय प्रशासन को सौंप दिया, जहां 275 प्रवासी श्रमिकों के रुकने की व्यवस्था थी. दुमका जिला के जामा प्रखंड में संचालित दो अन्य क्वारंटाइन केन्द्रों पर रह रहे 400 लोगों को संस्था की ओर से सूखा राशन मुहैया करवाया गया. इसने हजारीबाग, दुमका व अन्य जिलों में जिला प्रशासन–स्वास्थ्य अधिकारियों को चिकित्सा सामग्रियां उपलब्ध करवाया और कुल वितरित 1120 पीपीइ किट्स में 320 हजारीबाग सदर अस्पताल को और 800 किट्स चुरचू (हजारीबाग) स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को दिये गए. इसी प्रकार 951 नग एन95 मास्कों का वितरण हुआ, जिनमें 340–हजारीबाग, 261–दुमका, 200–चुरचू और 150–अन्य जिलों में अधिकारियों–चिकित्सकों–कोरोना योद्धाओं को प्रदान किया गया. कुल वितरित 11,200 सर्जिकल मास्कों में हजारीबाग को 4000, दुमका को 600, चुरचू को 6400 और अन्य जिलों को 200 मास्क मिले हैं. इसने 624 जोड़े शू कवर बांटे हैं, जिनमें हजारीबाग को 424 जोड़े और दुमका को 200 जोड़े मिले हैं, जबकि 50 गाउन और 500 हेड कवर्स भी हजारीबाग में दिये गए. सर्जिकल ग्लव्स की कुल वितरित 16600 जोड़ियों में 4900–हजारीबाग, 10200–दुमका, 1150–चुरचू और 350 जोड़ियां अन्य जिलों में दी गयी हैं. संस्था की ओर से कुल 4582 जोड़ियां एग्जामिनेशन ग्लव्स हजारीबाग–चुरचू में स्वास्थ्य विभाग को प्रदान की गयीं और कुल 1037 लीटर सैनिटाइजर बंटा है, जिसमें 255 लीटर–हजारीबाग, 107 लीटर–दुमका, 595 लीटर–चुरचू, 20 लीटर–खूंटी और 60 लीटर–गया में दिया गया है. कुल 28 इंफ्रारेड थर्मामीटर का वितरण किया गया, जिनमें 11–हजारीबाग, 09–दुमका और 08–चुरचू स्थित स्वास्थ्यकर्मियों को मिले हैं. 66 फेस शील्ड्स बंटे हैं, जिनमें 35–हजारीबाग, 10–दुमका, 03–चुरचू और 18–अन्य जिलों में स्वास्थ्य विभाग को दिया गया. इसके अलावा एनबीजेके संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की महिला लाभुकों ने कुल 78626 कपड़ा मास्क बनाया, जिसे अनेकों बार उपयोग में लाया जा सकता है और हजारीबाग, दुमका, देवघर, जमुई, बोकारो, खूंटी, पटना और गया जिलों में वितरित किया गया. इन्हीं क्षेत्रों में साबुन की कुल 31037 टिकियों का भी वितरण हुआ है. संस्था की ओर से खूंटी जिला में 15 सामुदायिक भोजनालयों का संचालन किया गया और हजारीबाग में 3686, दुमका में 822, देवघर में 340, चकाई में 54, चुरचू में 12233, बोकारो में 190, खूंटी में 550, पटना में 588, रांची में 20 और गया में 300 समेत कुल 18783 जरूरतमंद लोगों को सूखा राशन–स्वच्छता किट उपलब्ध करवाया गया है. दुमका में एनबीजेके ने जिला स्वास्थ्य विभाग को 02 ऑक्सीजन सिलिंडर और 15 पल्स ऑक्सिमीटर सौंपा है और जिला के 5440 दिव्यांगजन इस राहत अभियान के लाभुक हैं. इन सबके अलावा हजारीबाग के चुरचू प्रखंड में 830 बच्चों को शिक्षा–स्वच्छता किट दिये गए, बरही–चौपारण प्रखंडों में 70 हजार से अधिक प्रवासी मजदूरों को सत्तू शरबत का अल्पाहार उपलब्ध हुआ और हजारीबाग–दुमका–खूंटी–पटना–रांची व अन्य जिलों में 760 निर्धन परिवारों के बैंक खाते में प्रति परिवार 5 हजार रु० की आर्थिक मदद भेजी गयी. कोविड–19 के खिलाफ चलाये गए इस राहत अभियान में संस्था के 125 कार्यकर्ता शामिल रहे, जिन्होंने झारखंड–बिहार के 10 जिलों में 25 प्रखंडों के तहत 369 गांवों में 96 हजार से अधिक लोगों तक सीधे तौर पर सहायता पहुंचायी है.

एनबीजेके इस राहत अभियान में सहयोग देने हेतु एक्शन विलेज इंडिया, आदित्य बिरला कैपिटल, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन, केयर टुडे, सीबीएम इंडिया–ऑसएड, सिनी–टाटा ट्रस्ट्स, कॉग्निजेंट–राउंड टेबल इंडिया, इएसएल–वेदांता, गूंज, गिवइंडिया, एचएसबीसी, प्लान इंडिया, साइटसेवर्स इंडिया, श्री जयंत सिन्हा (माननीय सांसद, हजारीबाग) और अनेक व्यक्तिगत दाताओं के प्रति आभार प्रकट करता है.

## NBJK Responded COVID-19 bravely

April 2020, Jharkhand-Bihar: NBJK came forward daringly to participate in the battle against COVID-19 at different fronts in Hazaribag, Bokaro, Khunti, Deoghar, Jamui, Dumka and Patna districts of Jharkhand-Bihar. It offered infrastructural support as two buildings, buses & manpower to Hazaribag district administration. Chouparan based LNJP Eye Hospital and SPP School worked as quarantine centers for 275 migrant laborers while for Govt. hospitals of Hazaribag-Dumka and Corona volunteers, it provided medical utilities like N95 mask (190 pcs), surgical mask (15000 pcs), shoe cover (624 pairs), medical gown (50 pcs), head cover (500 pcs), surgical gloves(15800 pcs), sanitizer (110 litres), infrared thermometer (16 pcs), pulsometer (15 pcs) and oxygen cylnder (2 nos.) along with reusable mask (18698 pcs) stitched at organization run sewing centers. NBJK conducted 16 community kitchens, distributed food materials, sanitation kits to 2288 needy families and 4344 pcs soaps among villagers. Also the community people have been made aware of social distancing, mask wearing & other helpful practices to ensure hygiene.



During this campaign, 105 workers of NBJK could reach to more than 10 thousand people including 2723 Persons with Disabilities in 205 villages of 07 districts with support of Aditya Birla Capital, Plan India, GiveIndia, CBM India, CIni Cell, Tata Trusts, SBI Foundation, Vedanta and many esteemed individual donors. Mr. Satish Girija (Secretary, NBJK) said …. this could be possible due to our experience in disaster management, transparent modus operandi and trust of donors with a dedicated team of workers.

## कोविड–19 को एनबीजेके की ललकार

अप्रैल 2020, झारखंड–बिहारः कोविड–19 के खिलाफ साझी जंग में एनबीजेके ने झारखंड–बिहार के हजारीबाग, बोकारो, खूंटी, देवघर, जमुई, दुमका और पटना जिलों में विभिन्न मोर्चों पर पहल किया. इसने हजारीबाग जिला प्रशासन को बतौर आधारभूत संरचना दो भवन, बसें और कार्यकर्ता उपलब्ध करवाया. हजारीबाग के चौपारण प्रखंड में संस्था संचालित एलएनजेपी आँख अस्पताल और एसपीपी स्कूल को क्वारंटाइन सेंटर बनाकर वहां 275 प्रवासी मजदूरों–उनके परिजनों को सुरक्षित रखा गया, जबकि हजारीबाग–दुमका के सरकारी जिला अस्पतालों और कोरोना स्वयंसेवकों को संस्था की ओर से एन95 मास्क (190 नग), सर्जिकल मास्क (15000 नग), शू कवर (624 जोड़ियाँ), मेडिकल गाउन (50 नग), हेड कवर (500 नग), सर्जिकल ग्लब्स (15800 नग), सैनिटाइजर (110 लीटर), इन्फ्रारेड थर्मामीटर (16 नग), पल्सोमीटर (15 नग) और ऑक्सीजन सिलिंडर (2 नग) प्रदान किया गया. इसके साथ ही संस्था संचालित सिलाई प्रशिक्षण केंद्रों पर बार–बार उपयोग में आने वाले 18698 मास्क तैयार हुए. एनबीजेके ने 16 सामुदायिक भोजनालयों का संचालन किया, 2288 परिवारों के बीच खाद्य सामग्रियों–स्वच्छता किट का वितरण किया और 4344 नग साबुन ग्रामीणों को प्रदान किये गए. इसके साथ ही समुदाय के लोगों को सामाजिक दूरी, मास्क पहनने और स्वच्छता संबंधी अन्य व्यवहारों के प्रति जागरुक बनाया गया. कोविड–19 के विरुद्ध चले इस संघर्ष में एनबीजेके के 105 कार्यकर्तागण 07 जिलों के 205 गांवों में 10 हजार से अधिक लोगों तक पहुंचे, जिनमें 2723 दिव्यांग थे. इस काम में आदित्य बिरला कैपिटल, प्लान इंडिया, गिवइंडिया, सीबीएम इंडिया, सिनी सेल, टाटा ट्रस्ट्स, एसबीआइ फाउंडेशन, इएसएल–वेदांता और अनेक व्यक्तियों का सहयोग मिला है. श्री सतीश गिरिजा (सचिव, एनबीजेके) ने कहा कि आपदा प्रबंधन के हमारे अनुभव, पारदर्शी कार्यप्रणाली, दाताओं का भरोसा और समर्पित कार्यकर्ताओं की टीम से यह संभव हुआ है.

## Provisions to 65 Poor Families Observing Roza

19 May 2020, Hazaribag: With support of Goonj-Jharkhand, NBJK provided dry food items to 65 rozedar families at Azad Nagar area of Hazaribag town. Each family has received flour (10 kg), mustard oil (1 litre), gram pulse (1.5 kg), gram (1 kg), potato (5 kg), onion (1 kg), salt (1 kg), sugar (1 kg), soap (2 pcs), mask (2 pcs). Mr. Satish Girija (Secretary, NBJK) offered best wishes of Ramzan to the beneficiaries and said that keeping view of daily life problem during lockdown; this is a small support to our fellow citizens. These food items have been distributed at the place of Hazi Md. Islam, a senior citizen of the area and his family members have supported the logistics. Mr. Rajeev Singh (Program Manager, NBJK) and a team comprised of Messrs Shankar Rana, Rajkumar, Barun Yadav, Kundan, Shatrughn Thakur, Govind and Md. Afzal have arranged the event.



## 65 रोजेदार परिवारों को खाद्य सहायता

19 मई 2020, हजारीबागः गूंज–झारखंड के सहयोग से एनबीजेके ने हजारीबाग शहर के आजाद नगर इलाके में 65 रोजेदार परिवारों को सूखा राशन उपलब्ध करवाया. हरेक परिवार को 10 किलो आटा, 1 लीटर सरसों तेल, 1.5 किलो चना दाल, 1 किलो चना, 5 किलो आलू, 1 किलो प्याज, 1 किलो नमक, 1 किलो चीनी, 2 नग साबुन और 2 नग मास्क प्रदान किये गये. श्री सतीश गिरिजा (सचिव, एनबीजेके) ने सभी लाभुकों को रमजान की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कोविड–19 महामारी की वजह से हुए लॉकडाउन में दैनिक जीवन की बढ़ती समस्याओं के मद्देनजर त्यौहार के समय हमारे मुस्लिम भाई–बहनों के लिए यह एक छोटी सी मदद है. उक्त खाद्य सामग्रियों को मोहल्ले के एक बुजुर्ग हाजी मोहम्मद इस्लाम के घर पर वितरित किया गया, जिसमें उनके परिवार के लोगों ने काफी सहयोग दिया. इस कार्यक्रम के आयोजन में श्री राजीव सिंह (कार्यक्रम प्रबंधक) के साथ सर्वश्री शंकर राणा, राजकुमार गुप्ता, वरुण यादव, कुंदन कुमार, शत्रुघ्न ठाकुर, गोविंद और मोहम्मद अफजल की प्रमुख भूमिका रही.

## Ration Support to Lord Buddha Home for Children by Goonj & Action Village India

22-23 June 2020, Silaunja (Bodhgaya): Goonj-New Delhi and Action Village India-UK have provided edibles to orphan children of NBJK run Lord Buddha Home for Children. Goonj arranged Flour (500 kg), Rice (300 kg), Pulse (80 kg), Mustard Oil (30 litres) and Potato (500 kg) for the orphanage. While AVI supported for Flour (1.5 quintal), Rice (900 kg), Pulse (240 kg), Mustard Oil (90 litres) and Potato (1.5 quintal). The food items have been distributed among house-mothers in presence of Md. Nayeem (Manager, LBHC), Mr. Anil Tripathee (Principal, Komal Pujan Public School) and Mr. Lalan Thakur (Office In-charge, LBHC). Mr. Satish Girija (Secretary, NBJK) expressed sincere gratitude towards Goonj and Action Village India for the support they made available for orphan children of LBHC during this Corona crisis. The timely support will feed our children for about four months; he said and thanked both the organizations. Mr. Satish Girija appealed the individuals & institutional donors for help to run LBHC smoothly as 55 destitute children from marginalized families live here and pursue their school education.



## लॉर्ड बुद्धा होम फॉर चिल्ड्रेन को गूंज और एक्शन विलेज इंडिया की ओर से राशन सहायता

22–23 जून 2020, सिलौंजा (बोधगया): गूंज–नयी दिल्ली और एक्शन विलेज इंडिया–यूके ने एनबीजेके संचालित लॉर्ड बुद्धा होम फॉर चिल्ड्रेन के अनाथ बच्चों के लिए भोजन की व्यवस्था में सहयोग दिया है. गूंज ने इस अनाथालय हेतु 500 किलो आटा, 300 किलो चावल, 80 किलो दाल, 30 लीटर सरसों तेल और 500 किलो आलू का प्रबंध किया है. जबकि एक्शन विलेज इंडिया की ओर से 1.5 क्विंटल आटा, 900 किलो चावल, 240 किलो दाल, 90 लीटर सरसों तेल और 1.5 क्विंटल आलू की मदद मिली है. इन सभी खाद्य सामग्रियों को मो० नईम (प्रबंधक, एलबीएचसी), श्री अनिल त्रिपाठी (प्राचार्य, कोमल पूजन पब्लिक स्कूल) और श्री ललन ठाकुर (कार्यालय प्रभारी, एलबीएचसी) की उपस्थिति में हाउस मदर्स के बीच वितरित किया गया. श्री सतीश गिरिजा (सचिव, एनबीजेके) ने कोरोना महामारी के इस संकट काल में लॉर्ड बुद्धा होम फॉर चिल्ड्रेन के बच्चों को भोजन सहयोग हेतु गूंज और एक्शन विलेज इंडिया के प्रति हार्दिक आभार प्रकट किया और कहा कि समय पर मिली इस सहायता से इन अनाथ बच्चों के लिए लगभग चार महीनों के भोजन का प्रबंध हुआ है. उन्होंने व्यक्तिगत और सांस्थानिक दाताओं से एलबीएचसी संचालन में मदद करने की अपील किया ताकि यहां रहने वाले 55 अनाथ–निर्धन बच्चे अपनी स्कूली शिक्षा पूरी कर सकें.

## Media Sensitization on COVID Response and RPD Act

25 June 2020, Dumka: NBJK organized a media sensitization event on its response to COVID-19 and about the steps to follow RPD Act 2016. Mr. Anand Abhinav (Program Director, NBJK) addressed a group of journalists and members of DPOs promoted under the program of CBID with support of CBM India. He thanked DPOs' members for awareness generation with stitching-distribution of 7449 masks among the community & front-line Corona warriors. He said about the campaign against COVID-19 which provided immediate relief to people and distributed ration-hygiene kits among 2252 people (including PwDs) with demonstration of hand washing with soap. It dispensed food materials among 804 families (744 PwDs), linked 317 persons (114 PwDs) with MNREGA scheme, submitted on-line UDID applications for 1038 PwDs and facilitated livelihood for 653 people including 377 PwDs as with seeds of seasonal vegetables, paddy & maize for farm based activities, Mr. Abhinav explained. NBJK has provided ration-sanitation items for migrant laborers at 2 quarantine centers in Jama block, he said and added that NBJK handed over N-95 masks (100 pcs), surgical masks (500 pcs), surgical gloves (10,000 pcs), sanitizer (107 litres), infrared thermometers (9 pcs), oxygen cylinders (2 pcs), pulse oxymeters (15 pcs) to Dumka sadar hospital & CHCs. Besides this, Rs. 5000 for each has been deposited in bank accounts of 21 poor families as immediate support. He expressed sincere gratitude to Aditya Birla Capital, Give India, HSBC, CBM and DFAT, the agencies those supported the whole campaign and spent around Rs. 10 lakh cumulatively.



## कोविड रिस्पांस और आरपीडी एक्ट पर मीडिया संवेदीकरण

25 जून 2020, दुमकाः एनबीजेके ने कोविड–19 संबंधी प्रतिक्रिया और आरपीडी एक्ट 2016 के अनुसरण पर एक बैठक आयोजित किया, जिसमें स्थानीय मीडियाकर्मीगण और सीबीएम इंडिया के सहयोग से दिव्यांगों हेतु संस्था संचालित समुदाय आधारित समावेशी विकास कार्यक्रम के तहत प्रोत्साहित दिव्यांगजन संगठनों के सदस्यगण शामिल थे. श्री आनंद अभिनव (कार्यक्रम निदेशक, एनबीजेके) ने उन्हें संबोधित किया और दिव्यांगजन संगठनों के सदस्यों को चेतना जागरण कार्य में सक्रिय रहने के साथ 7449 मास्क सिलकर समुदाय–अग्रिम पंक्ति के कोरोना योद्धाओं के बीच वितरित करने हेतु धन्यवाद दिया. उन्होंने कोविड–19 के खिलाफ एनबीजेके संचालित अभियान की चर्चा करते हुए कहा कि इसने लोगों को तात्कालिक राहत दी है और 2252 लोगों (दिव्यांगजन समेत) को राशन–स्वच्छता किट की उपलब्धता के साथ उनके बीच साबुन से हाथ धोने का प्रदर्शन भी किया गया. उन्होंने जानकारी दिया कि इसके तहत 804 परिवारों (744 दिव्यांगजन) को खाद्य सामग्रियां प्रदान की गयीं, 317 लोगों (114 दिव्यांगजन) को मनरेगा योजना से जोड़ा गया, 1038 दिव्यांगजन के यूडीआइडी कार्ड हेतु ऑनलाइन आवेदन डाला गया और 653 लोगों (377 दिव्यांगजन) को मौसमी सब्जियों, धान और मकई के बीज बतौर कृषि आधारित आजीविका सहयोग प्रदान किया गया है. श्री अभिनव ने बताया कि एनबीजेके ने जामा प्रखंड में 2 क्वारंटाइन केन्द्रों पर रह रहे प्रवासी कामगारों के लिए राशन और स्वच्छता सामग्री उपलब्ध करवाया है और दुमका सदर अस्पताल के साथ विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों को एन95 मास्क (100 नग), सर्जिकल मास्क (500 नग), सर्जिकल ग्लब्स (10,000 नग), सैनिटाइजर (107 लीटर), इन्फ्रारेड थर्मामीटर (9 नग), ऑक्सीजन सिलिंडर (2 नग), पल्स ऑक्सिमीटर (15 नग) दिया गया है. इसके अलावा 21 गरीब परिवारों के बैंक खातों में प्रति परिवार 5000 रु० भेजा गया है. श्री आनंद अभिनव ने लगभग 10 लाख रु० की लागत वाले इस राहत अभियान में सहयोग देने हेतु आदित्य बिरला कैपिटल, गिवइंडिया, एचएसबीसी, सीबीएम–डीएफएटी जैसी एजेंसियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित किया.

## Lok Samiti Celebrates 43rd Foundation Day

30 June 2020, Hazaribag: Hazaribag District Lok Samiti has celebrated foundation day of Lok Samiti at its office premises. Mr. Girija Satish (National President, Lok Samiti) hoisted organization's flag in presence of workers. He introduced about Lok Samiti and its founder Loknayak JayPrakash "JP" who formed Lok Samiti or People's Committee on 30 June 1977 as a peaceful, non-political body to check & balance power of the government. Mr. Girija Satish said that around the year 1980, Lok Samiti was started in Hazaribag district and soon it expanded well in other districts of unified Bihar. This increased people's awareness, enabled them to question on welfare schemes and many small VOs played significant role in this development, he pointed out. Lok Samiti's national president mentioned about significant advocacy like holding of Panchayat election in Bihar-Jharkhand after a gap of 3 decades and liquor prohibition in Bihar. He appealed the Government of Jharkhand to ban liquor in the state. We need a lot of improvement in our governance; Mr. Girija Satish reminded. Mr. Prabhu Nath Sharma (Founder Member, Hazaribag District Lok Samiti) said that Lok Samiti aims for equality based social structure and our programs are dedicated to draw some societal changes always. The program was contributed by Mrs. Meera Gupta, Mrs. Gunja, Mrs. Sunita, Ms Niki Soren, Mr. Anand Abhinav, Mr. Rajeev Singh, Mr. Shankar Rana, and many others.



## लोक समिति का 43वां स्थापना दिवस समारोह

30 जून 2020, हजारीबागः हजारीबाग जिला लोक समिति ने अपने कार्यालय परिसर में संगठन का स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया. इस अवसर पर श्री गिरिजा सतीश (राष्ट्रीय अध्यक्ष, लोक समिति) ने कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में संगठन का झंडा लहराया और लोक समिति के साथ इसके संस्थापक लोकनायक जयप्रकाश "जेपी" का संक्षिप्त परिचय देते हुए कहा कि जेपी ने 30 जून 1977 को आम लोगों के हित में इस शांतिपूर्ण और गैरराजनीतिक जनसंगठन की स्थापना किया था ताकि सरकार की अपरिमित शक्तियों को नियंत्रित और संतुलित करने में जनता सक्षम बने. श्री गिरिजा सतीश ने बताया कि वर्ष 1980 के आसपास हजारीबाग जिला में लोक समिति की शुरुआत हुई और शीघ्र ही एकीकृत बिहार के अन्य जिलों में भी संगठन का विस्तार होने लगा, जिसकी वजह से लोगों में जागरुकता बढ़ी, वो सरकारी कल्याण योजनाओं पर सवाल पूछने लगे और अनेक छोटी–छोटी संस्थाओं ने इस परिवर्तन में अपना योगदान दिया था. लोक समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बिहार–झारखण्ड में तीन दशकों के बाद पंचायत चुनाव और बिहार में शराबबंदी जैसे मुद्दों पर लोक समिति की सार्थक जनपैरोकारी की चर्चा किया और झारखण्ड सरकार से अपील किया कि राज्य में शराबबंदी लागू करे. श्री गिरिजा सतीश ने गवर्नेंस में बेहतरी की जरूरत पर बल दिया. श्री प्रभुनाथ शर्मा (संस्थापक सदस्य, हजारीबाग जिला लोक समिति) ने कहा कि लोक समिति समानता आधारित सामाजिक ढ़ांचे का समर्थन करती है और इसके कार्यक्रमों से सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन को हमेशा मदद मिलती है. लोक समिति स्थापना दिवस समारोह आयोजन में श्रीमती मीरा गुप्ता, श्रीमती गुंजा, श्रीमती सुनीता, सुश्री निकी सोरेन, श्री आनंद अभिनव, श्री राजीव सिंह, श्री शंकर राणा एवं अन्य का उल्लेखनीय योगदान रहा.

## Independence Day at NBJK

15 August 2020, Hazaribag: 74th Independence Day of India was observed gracefully at the Coordination Office of NBJK. Mr. Girija Satish (President, NBJK) has hoisted national flag and delivered a short speech after national anthem. He talked about the critical time due to COVID-19 pandemic and expected for its end optimistically. Mr. Girija said that promotion of profitable agriculture, dairy, rural industries can develop our villages and that needs support from all stakeholders. NBJK President paid rich tribute to Mahatma Gandhi and remembered him in context of a self-reliant India. The Gandhian concept of Basic Education is skill based instead of merely bookish knowledge, he stated and cautioned about limitation of science. On this occasion, Mr. Satish Girija (Secretary, NBJK) said that even after 73 years of our independence, more than 10 lakh people are victim of forced migration in Jharkhand only. This is shameful and our rural areas need employment generation programs immediately, he added. Mr. Satish Girija has reminded about 50 years of NBJK and conveyed his best wishes to all workers. Mr. Prabhunath Sharma (Treasurer, NBJK) called the day as pious one to energize the people and he appealed for self-appraisal. Also Mr. Gandharv Gaurav and Mr. Anand Abhinav (both Program Directors, NBJK) have addressed the program.




## एनबीजेके में 74वां स्वतंत्रता दिवस

15 अगस्त 2020, अमृत नगर (हजारीबाग): एनबीजेके संयोजन कार्यालय में देश के 74वें स्वतंत्रता दिवस का आयोजन गरिमापूर्ण तरीके से किया गया. श्री गिरिजा सतीश (अध्यक्ष, एनबीजेके) ने ध्वजोत्तोलन करते हुए तिरंगा झंडा लहराया और राष्ट्रीय गान के बाद कार्यकर्ताओं को संबोधित किया. उन्होंने कोविड–19 जनित दुष्कर समय की चर्चा करते हुए उम्मीद जतायी कि इस महामारी का अंत भी अवश्य होगा. श्री गिरिजा सतीश ने कहा कि लाभकारी कृषि, डेरी व विभिन्न ग्रामोद्योगों को प्रोत्साहन देने से हमारे गांवों का विकास होगा और इस कार्य में सभी हितधारकों का सहयोग चाहिए. इस अवसर पर एनबीजेके अध्यक्ष ने महात्मा गांधी के प्रति हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए एक आत्मनिर्भर भारत के सन्दर्भ में उन्हें याद किया और कहा कि बुनियादी शिक्षा की गांधीवादी अवधारणा में सिर्फ किताबी ज्ञान को नहीं बल्कि हुनर आधारित शिक्षा को महत्व दिया गया है. उन्होंने विज्ञान की सीमाओं पर प्रकाश डालते हुए प्रकृति संग सामंजस्य को जरूरी माना. कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में श्री सतीश गिरिजा (सचिव, एनबीजेके) ने अफसोस जाहिर किया कि आजादी के 73 वर्षों के बाद भी सिर्फ झारखंड से 10 लाख लोग रोजगार के लिए पलायन करते हैं. यह शर्मनाक है और हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में तत्काल रोजगार सृजक कार्यक्रमों को लागू करने की जरूरत है, ऐसा उनका मानना था. श्री सतीश गिरिजा ने सभी कार्यकर्ताओं को एनबीजेके स्थापना के 50 वर्षों की याद दिलायी और उन्हें हार्दिक शुभकामनायें दिया. श्री प्रभुनाथ शर्मा (कोषाध्यक्ष, एनबीजेके) ने अपने देश के स्वतंत्रता दिवस को एक पवित्र दिन बतलाया, जिससे ऊर्जा मिलती है और उन्होंने उपस्थित लोगों से आत्मावलोकन करने की अपील किया. स्वतंत्रता दिवस समारोह को एनबीजेके के कार्यक्रम निदेशकद्वय श्री गंधर्व गौरव और श्री आनंद अभिनव ने भी संबोधित किया.

## Inauguration of Better Life Farming Center

09 September 2020, Murhu (Khunti): Under the program of Mission 2020: Lakhpati Kisan-Smart Village by NBJK with support of Tata Trusts & CInI Cell, Murhu Nari Shakti Kisan Producer Company Limited has started Better Life Farming Center. The company is co-opted by Jharkhand State Livelihood Promotion Society. BLFC will provide high quality agriculture inputs & technical services, cultivation training, marketing, price transparency and a boost up for farmers' collective bargaining capacity. The farmers will be offered tips for improved seeds, crops safety, drip irrigation, mulching & other technical information at the center. Also they will be facilitated towards market linkage, access to buyers etc in Murhu and other blocks of the district, Mrs. Dayamani Nag (Chairperson, MNSKPCL) and Mr. Abhijit Mal (CEO, MNSKPCL) have briefed on the occasion. BLFC has technical assistance from Bayer Crop Science while CInI-Tata Trusts-NBJK will help the center financially. Mr. Mohit Purty (Branch Manager, NBJK-Khunti), Mr. Somnath Das (Coordinator, CInI-Tata Trusts), Mr. Pankaj Kumar (RPO, JOHAR-JSLPS), Mr. Saurabh Kumar (Bayer Crop Science), Mr. Niraj Kumar with many local entrepreneurs & farmers were present in the inaugural ceremony of Better Life Farming Center. Please click at https://publicapp.co.in/video/sp_cqq532p9uk5mb?share=true for more information. Before this on 01 September, Mr. Shashi Ranjan (DC, Khunti), Mr. Hemant Sati (SDO, Khunti), Mr. Pradeep Bhagat (BDO, Murhu), the Circle Officer of Murhu block and other officers have visited Rodo village. They met farmers, observed their works and interacted with the entrepreneurs engaged with poly houses, piggery, fishery etc.




## बेटर लाइफ फार्मिंग सेंटर का उद्घाटन

09 सितम्बर 2020, मुरहू (खूंटी): टाटा ट्रस्ट्स और सिनी सेल के सहयोग से एनबीजेके संचालित मिशन 2020रू लखपति किसान–स्मार्ट विलेज कार्यक्रम अंतर्गत प्रोत्साहित मुरहू नारी शक्ति किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड ने बेटर लाइफ फार्मिंग सेंटर (बीएलएफसी) की शुरुआत किया है. यह कंपनी झारखंड स्टेट लाइवलिहुड प्रमोशन सोसाइटी द्वारा सहयोजित है. बीएलएफसी अच्छी गुणवत्ता के कृषि निवेश, तकनीकी सहायता, सिंचाई प्रशिक्षण, विपणन, कीमतों में पारदर्शिता और किसानों द्वारा मोलतोल करने की सामूहिक शक्ति में इजाफा जैसे उद्देश्यों को लेकर शुरू किया गया है. इस केंद्र पर किसानों को उन्नत किस्म के बीज, फसल सुरक्षा, सही दाम, ड्रिप सिंचाई, मल्चिंग एवं अन्य तकनीकों से जुड़ी जानकारियां मिल सकेंगी. श्रीमती दयामणि नाग (चेयरपर्सन, एमएनएसकेपीसीएल) और श्री अभिजित मल्ल (सीइओ, एमएनएसकेपीसीएल) ने बतलाया कि उपरोक्त सुविधाओं के अलावा यहां पर किसानों को बाजार संपर्क और संभावित ग्राहकों तक पहुंच कायम करने में भी मदद मिलेगी. बीएलएफसी को बायर क्रॉपसाइंस की ओर से तकनीकी सहायता मिलेगी और सिनी–टाटा ट्रस्ट्स–एनबीजेके इसे आर्थिक मदद करेंगे. बीएलएफसी उद्घाटन के मौके पर श्री मोहित पूर्ती (शाखा प्रबंधक, एनबीजेके–खूंटी), श्री सोमनाथ दास (समन्वयक, सिनी–टाटा ट्रस्ट्स), श्री पंकज कुमार (आरपीओ, जोहार–जेएसएलपीएस), श्री सौरभ कुमार (बायर क्रॉपसाइंस), श्री नीरज कुमार के साथ अनेक स्थानीय किसान और लघु उद्यमी उपस्थित थे. अधिक जानकारी हेतु कृपया लिंक पर क्लिक करें. https://publicapp.co.in/video/sp_cqq532p9uk5mb?share=true इसके पूर्व 01 सितम्बर को सर्वश्री शशि रंजन (डीसी, खूंटी), हेमंत सती (एसडीओ, खूंटी), प्रदीप भगत (बीडीओ, मुरहू), अंचलाधिकारी–मुरहू एवं अन्य सरकारी पदाधिकारियों ने रोडो गांव का दौरा कर किसानों से मिले, उनके कृषि कार्यों का जायजा लिया और पोली हाउस संचालन–सूकर–मछली पालन से जुड़े उद्यमी कृषकों से बातचीत की.

# CASE STUDY केस स्टडी

## A Survival Support

Mrs. Renu Toppo (70 years) belongs to Dato village in Katkamsandi block of Hazaribag district. She and her husband left their village few years back. Their son and daughter are not living with them as the son left home long ago and daughter has been married. When this old aged couple shifted to Hazaribag town, they opted to live in a cheap rented room at Bhuiyan Toli near Matwari, a residential area where families need domestic help and Renu became a maid servant for some families. Also she started medicinal oil massage service for women suffering from joint pain and became able to sustain at Hazaribag with satisfactory earning.

But everything was changed with the break out of COVID-19 and frightened people have denied continuing Renu as the help or masseuse. In the meantime her husband left for heavenly abode and she got a major setback. But Renu didn't lose her patience and was trying to survive with support of neighbors. When NBJK has conducted a survey to find out needy people for relief materials, Renu Toppo was selected as a beneficiary for the support from Azim Premji Philanthropic Initiatives, Bengaluru.

On 23 May 2020, NBJK has provided her Flour (10 kg), Pulse (1.5 kg), Mustard Oil (1 lit), Potato (5 kg), Sugar (1 kg) and Gram (1 kg) with Soap (2 pcs) and Mask (2 pcs). This was a crucial support I needed at that time urgently, Renu Toppo says. Now situation has been improved and she restarted her work as household help for some families again.




## संबल मिला जीने का

श्रीमती रेणु टोप्पो (70 वर्ष) मूल रूप से ग्राम–डाटो, प्रखंड–कटकमसांडी, जिला–हजारीबाग की रहने वाली हैं. कुछ साल पहले इन्होंने अपने पति के साथ गांव छोड़ दिया था, क्योंकि इस दंपति के दो संतानों–एक लड़का और एक लड़की में से कोई भी इनके साथ नहीं रहता है. बेटा ने काफी पहले घर छोड़ दिया था और शादीशुदा बेटी अपने ससुराल में रहती है. जब यह वृद्ध युगल अपने गांव से हजारीबाग शहर में रहने को आया तो उन्होंने रिहायशी इलाका मटवारी के निकट भुइयां टोली में सस्ते दर पर एक कमरा किराया पर लिया और रेणु कुछ संभ्रांत परिवारों में बतौर घरेलू सहायिका काम करने लगीं. साथ ही उन्होंने जोड़ों के दर्द से पीड़ित महिलाओं के लिए औषधीय तेल मालिश करने का काम भी शुरू कर दिया. जितनी आमदनी होती थी, उससे पति–पत्नी का गुजारा संतोषप्रद तरीके से हो जाता था.

लेकिन कोविड–19 महामारी फैलने के साथ मानो सब कुछ बदल सा गया और डरे हुए लोगों ने रेणु जी को अपने–अपने घरों में आने से मना कर दिया. उनकी आय के सभी स्रोत बंद हो गये, उसी दौरान पति का देहांत हो गया और रेणु बेहद दुखी थीं. लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और पड़ोसियों की मदद से उनका जीवन किसी तरह बीतने लगा. जब नव भारत जागृति केंद्र ने राहत सामग्री वितरण हेतु जरूरतमंद लोगों का सर्वेक्षण किया तो रेणु टोप्पो को अजीम प्रेमजी फिलान्थ्रोपिक इनिशिएटिव्स, बेंगलुरु के सहयोग से सूखा राशन सामग्री प्राप्त करने वाले एक लाभुक के रूप में चुना गया.

23 मई 2020 को उन्हें 10 किलो आटा, 1.5 किलो दाल, 1 लीटर सरसों तेल, 5 किलो आलू, 1 किलो चीनी, 1 किलो चना, 2 साबुन और 2 मास्क प्रदान किया गया था. रेणु बतलाती हैं कि उस समय उनके पास खाने को कुछ भी नहीं था और इस सहायता से उन्हें एक नयी जिंदगी मिली. अब परिस्थिति बेहतर बनी है और रेणु टोप्पो फिर से अपने काम पर लौट चुकी हैं.

परिकल्पना : श्री गिरिजा सतीश
प्रस्तुति : विनय भट्ट
नव भारत जागृति केन्द्र, संयोजन कार्यालय
ग्राम – अमृतनगर, पो. कोर्रा, जिला हजारीबाग (झारखण्ड) द्वारा प्रकाशित
दूरभाष: +91 9431140385, +91 9835751159
ई मेल: nbjkco@gmail.com; vinay.bhatta@nbjk.org